# रीवा







# फीडर सेपरेशन के काम को पेटी ठेकेदारों ने लगाया पलीता

## अशोक कम्पनी ने स्थानीय ठेकेदारों को बांटा काम, 271 में केवल 139 फीडरों पर काम हुआ पूरा, एक साल के लिए बढ़ाई गई अवधि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 नवम्बर, करोड़ो की आरडीएसएस योजना के काम रीवा सर्किल में कछुआ गति से चल रहे है. फीडर सेपरेशन से जुड़ी कम्पनियां लक्ष्य के मुताबिक काम अभी तक पूरा नही कर पाई है. जिन स्थानीय ठेकेदारो को पेटी में काम दिया गया उनके द्वारा काम करने के बजाय करोड़ो की सामग्री लेकर बैठ गये. लिहाजा तय समय में फीडर सेपरेशन के काम नही हो पाए.**




कृषि फीडर को अलग करना था ताकि रीवा सर्किल में किसानो को दस घंटे अबाध विद्युत सप्लाई मिल सके और घरेलू कनेक्शनो को अलग करना था. काम पाने वाली कम्पनी ने जिन स्थानीय ठेकेदारो पर भरोसा कर काम दिया उन्होने ही योजना को पलीता लगा दिया. प्रभारी मंत्री की बैठक में ही सांसद और विधायको ने आडीएसएस योजना को लेकर शिकायत की थी और काम की समय-सीमा के साथ गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए थे, बावजूद इसके काम में तेजी नही आई. पेटी में काम देने के चलते अभी तक केवल 139 फीडरो का काम पूरा हो पाया है. सर्किल में 271 फीडर कृषि वाले बनाने थे जिसमें घरेलू और कृषि पम्प को अलग-अलग विद्युत सप्लाई देनी थी. काम पाने वाली अशोका बिल्डकान ने सबसे बड़ी गलती यह कि अधिकांश काम पेटी ठेकेदारो को बांट दिया और यह सब मटेरियल लेने के बाद काम नही किये और कम्पनी में बिल गया. जिसके बाद कम्पनी ने बिल नही दिया और यही से मामला बिगड़ गया. अशोका कम्पनी को आरडीएसएस योजना का काम समय पर पूरा करना था जो नही हो पाया. लिहाजा एक साल का एक्सटेंशन बढ़ा दिया गया. लेकिन जिस तरह से काम चल रहा है और स्थानीय ठेकेदारो के बीच खीचतान है उसे नही लगता कि एक साल के अंदर काम हो पायेगा, अभी बहुत काम बकाया है. फीडर सेपरेशन का काम पाने वाली कम्पनी विभागीय अधिकारियों और कम्पनी में शिकायत करती रही लेकिन कही कुछ नही हो रहा है. 15 मामलो में एफआईआर भी हुई, लेकिन पुलिस पूरी तरह से उदासीन है. सूत्र बताते है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों के कहने पर तीन दर्जन से अधिक स्थानीय ठेकेदारो को पेटी पर काम दे दिया गया जो अब काम नही कर रहे है और सामग्री दबाकर बैठे है. इस रवी के सीजन में भी किसानो को फीडर सेपरेशन से विद्युत सप्लाई नही मिल पाएगी. रीवा सर्किल के अधीक्षण यंत्री बी.के शुक्ला का कहना है कि फीडर सेपरेशन के काम में तेजी आई है, जल्द ही काम पूरा होगा.

### पेटी ठेकेदारों ने दबाई विद्युत सामग्री

कृष फीडर सेपरेशन का काम अभी भी अधर में लटका हुआ है, कम्पनी ने स्थानीय स्तर पर पेटी ठेकेदारो को काम बांट दिया. जिनके द्वारा सामग्री लेने के बाद दबा दी गई और काम नही किया गया. विद्युत केबल, पोल, तार आदि सामग्री तो कम्पनी से ली लेकिन मैदानी स्तर पर काम नही किया. बरसात के बाद खेत खाली थे उसके बाद भी काम नही हुआ और अब फसल भी पूरी तरह से कट गई है. लेकिन न तो पोल खड़े किये गये और न ही तार खीची गई. दरअसल पेटी ठेकेदारो ने सामग्री लेकर घर बैठ गये. जिसके चलते आरडीएसएस योजना का काम पूरा नही हो पाया. कम्पनी ने पूरे मामले की शिकायत एमडी कार्यालय जबलपुर में की है और अब पुलिस जांच करेगी.

# सेमरिया विधानसभा में सौ प्रतिशत हुआ गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 नवम्बर, एसआईआर को लेकर जिले भर में युद्ध स्तर पर काम चल रहा है. बीएलओ घर-घर पहुंचकर गणना फार्म वापस ले रहे है. निर्वाचन आयोग द्वारा गणना फार्म जमा करने की तिथि बढ़ा दी है. अब 11 दिसम्बर तक गणना फार्म जमा हो सकेगे.**

रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है. गहन पुनरीक्षण का कार्य लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है. जिले में 30 नवम्बर को शाम 4 बजे तक 1342650 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं.जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1390667 है. सेमरिया विधानसभा में सौ प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कर लिया गया है. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के मतदान केन्द्रों में बीएलओ तथा उनके सहायक पूरे उत्साह के साथ गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन कर रहे हैं. अब तक जिले में कुल 96.55 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है. विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 97.01 प्रतिशत, सेमरिया में 100 प्रतिशत, त्योंथर में 96.35 प्रतिशत, मनगवां में 95.17 प्रतिशत, रीवा में 91.85 प्रतिशत तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में 98.91 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है. अब तक विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 217992, सेमरिया में 228658, त्योंथर में 212733, मनगवां में 240009, रीवा में 208491 तथा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 234767 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. लगातार अधिकारी गणना पत्रक को लेकर मानीटरिंग कर रहे है.

### गणना फार्म अब 11 तक जमा होंगे

रीवा, 30 नवम्बर, निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया एसआईआर में फार्म जमा करने की समय सीमा को आगे बढ़ा दिया है. अब मतदाता गणना फार्म 11 दिसम्बर तक जमा किए जा सकेंगे. इससे पूर्व यह तारीख 4 दिसम्बर तय थी. आयोग के नए कार्यक्रम के अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 नवम्बर को जारी की जाएगी. ड्राफ्ट जारी होने के बाद 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियाँ दर्ज कराई जा सकेंगी. निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी 16 दिसम्बर से 7 फरवरी तक आपत्तियों पर फैसला लेंगे. अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा.

## संक्षिप्त

### लोकतंत्र सेनानी नरेंद्र दुबे का शहडोल में निधन

**रीवा.** आपातकाल के दौरान सन 1975 में मीसा के अंतर्गत 18 माह निरुद्ध रहे लोकतंत्र सेनानी नरेंद्र दुबे का शहडोल के शासकीय अस्पताल में आज सुबह निधन हो गया. वह कैंसर से पीड़ित थे. समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे एवं सामाजिक कार्यकर्ता अभय खरे ने नरेंद्र दुबे को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी है. उन्होंने शोककुल परिवार के लिए गहरी संवेदना प्रकट करते हुए यह भारी दुख सहने की क्षमता मिले, ऐसी प्रार्थना की है. उन्होंने जानकारी दी कि नरेंद्र दुबे महाविद्यालयीन छात्र जीवन से लोकनायक जयप्रकाश नारायण के बिहार आंदोलन से जुड़े थे. उन्हें शहडोल से मीसा में गिरफ्तार करके रीवा केंद्रीय कारागार में रखा गया. रीवा केंद्रीय जेल में कई जिलों के मीसा बंदियों को निरुद्ध रखा गया था. समाजवादी पृष्ठभूमि के किसी साथी ने जेल से रिहा होने के लिए माफीनामे नहीं भरे थे. कम उम्र का होते हुए भी नरेंद्र दुबे ने भी हिम्मत और धैर्य का परिचय दिया.

### अधिवक्त शंभू प्रसाद द्विवेदी का निधन



**चाकघाट.** त्योंथर क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता शम्भू प्रसाद द्विवेदी का चाकघाट स्थित निवास स्थल पर देहांत हो गया. वे लंबे समय से त्योंथर न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहे थे तथा सामाजिक जीवन में उनकी अलग प्रतिष्ठा थी. वे अपने निवास स्थान पर कल शाम तक स्वस्थ हालत में रहे. नगर भ्रमण के दौरान कई लोगों से उन्होंने मुलाकात भी की. किंतु रात को अचानक स्वास्थ्य खराब होते ही उनका देहांत हो गया. उनका अंतिम संस्कार उनके पुत्र अनिल द्विवेदी द्वारा प्रयागराज में किया गया. दिवंगत आत्मा को शांति देने हेतु क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में अधिवक्ता साथियों ने उनके निवास स्थान पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.

### दुर्घटना को आमंत्रण दे रही बीच में खुली सड़क



**मऊगंज.** एक बार फिर मऊगंज जिले में बन रही ठेकेदार की मनमानी पूर्वक सड़क में एक चार पहिया सवार जो की बारात से शामिल होकर वहां पर अपने घर जा रहा था और जैसे ही उत्सव गार्डन मऊगंज से बाईपास के लिए आगे बढ़ा रास्ते में बनी अधूरी खुली सड़क को देख नहीं पाया और बोलोरो गाड़ी को लेकर उसे गड्ढे में समा गया. जिससे गाड़ी को काफी क्षति हुई है तथा उसमें बैठे परिजनों महिलाओं एवं बच्चों को भी छोटे आए हैं. इस तरह की दुर्घटनाएं मऊगंज नगर में अक्सर देखने को मिलती है जो मनमानी पूर्वक बनाई जा रही सड़क जो आधे में खुली छोड़ दी जाती है और उसके दोनों साइड कोई सूचक भी नहीं लगाया जाता है जिससे बाहरी लोगों को अंदाजा हो सके कि यहां पर सड़क नहीं है और इस मनवानी पूर्वक ठेकेदार के रवैए ऐसी किसी दिन कोई गंभीर हादसा हो सकता है जिसके लिए स्थानीय जनो ने कलेक्टर से अभिलंब इस संबंध में कड़ा रुख अपनाते हुए जिम्मेवार ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है.

### यूनियन बैंक रोजगार सृजन के लिए प्रतिबद्ध है : खरे



**चाकघाट.** नगर सीमा से लगे ग्राम चंदई में कृषि संबंधित उद्योग स्थापना एवं औद्योगिक विकास हेतु यूनियन बैंक रीवा क्षेत्र के क्षेत्र प्रमुख अजय खरे के मुख्य आतिथ्य में किसान इंडस्ट्रीज राइस मिल का शुभारंभ किया गया. आयोजित कार्यक्रम में राइस मील का फीता काटकर चावल उत्पाद का शुभारंभ किया गया. श्री खरे द्वारा वार्ता के दौरान बताया गया कि यूनियन बैंक क्षेत्र में उद्योग स्थापना एवं रोजगार सृजन के लिए प्रतिबद्ध है व छोटी बड़ी विभिन्न स्तर की स्वरोजगार योजनाओं से क्षेत्र के विकास में अग्रणी भागीदार बना रहेगा. अवसर पर महाराजा ग्रुप के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता देवेंद्र सिंह, त्योंथर क्षेत्र के भाजपा नेता कौशलेश तिवारी (तिवारी लाल) यूनियन बैंक शाखा चाकघाट के शाखा प्रबंधक नागेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रमोद सिंह, मिल के प्रोपराइटर एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेनू सिंह की उपस्थिति प्रमुख रही.

# ज्योति स्कूल को लेकर गौरव तिवारी ने उठाए सवाल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 नवम्बर, ज्योति किंडर गार्डन व ज्योति मिशनरी स्कूल को लेकर बीजेपी नेता गौरव तिवारी ने गंभीर आरोप लगाए हैं.**

गौरव तिवारी का कहना है कि स्कूल प्रबंधन आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी देने से साफ इनकार करते हुए कहा है कि वह अल्पसंख्यक (माइनारिटी स्टेटस) का दर्जा होने के कारण आरटीआई के दायरे में नहीं आता. ज्योति स्कूल माइनारिटी स्टेटस आड़ में पारदर्शिता से बच रहा है. जबकि श्री तिवारी ने आरटीआई में पूंछा था कि फीस, वित्तीय लाभ, सरकारी रियायते और भूमि विवरण जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जानकारी मांगी थी. श्री तिवारी का कहना है कि तकनीकी तर्क सही हो सकते है लेकिन जनहित क्यो दबाया जाय. उन्होने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या वर्षो से मिल रहे अल्पसंख्यक (माइनारिटी स्टेटस) के लाभो का उपयोग शिक्षा और रीवा के हित में हुआ है क्या और इतने बड़े मूल्य की सरकारी भूमि स्कूल को किस आधार पर दी गई. गौरव तिवारी ने नगर निगम और राजस्व विभाग पर भी सवाल उठाए है. कहा कि नगर निगम को स्कूल से लंबित टैक्स की वसूली करनी चाहिये. उन्होने कहा कि यह मामला किसी धर्म या समुदाय का नही बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित का है. निष्पक्ष रूप से जांच की जानी चाहिये.

# गीता जयंती पर आज एनसीसी ग्राउंड में होगा सामूहिक गीता पाठ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 नवम्बर, गीता जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन रीवा, नगर निगम रीवा एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानाम् के सहयोग से एक दिसम्बर को एन.सी.सी. ग्राउंड रीवा में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है.**

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा. कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 15 का सस्वर पाठ किया जाएगा. इस सामूहिक पाठ में लगभग 5100 गीता प्रेमी एक साथ मंत्रोच्चार के साथ शामिल होंगे, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा. इसके साथ ही एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमे विशेष थीम माधव दर्शन एवं गो और गोपाल में लघु चित्र शैलियों में भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न रूप एवं भारतीय चित्रकला शैलियों में श्रीकृष्ण की विविध छवियां प्रदर्शित की जाएँगी. प्रशासन ने बताया कि यह महोत्सव अध्यात्म, संस्कृति और ज्ञान के संगम का अनूठा अवसर होगा. कार्यक्रम में सभी नागरिकों से सहभागिता की अपील की गई है. अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया है कि संभाग स्तर पर 5100 व्यक्ति सामूहिक रूप से गीता पाठ करेंगे. जिला स्तर पर 1100 तथा विकासखण्ड स्तर पर 500 व्यक्तियों द्वारा सामूहिक रूप से गीता अध्याय का पाठ किया जाएगा. अपर कलेक्टर ने कहा है कि सभी एसडीएम तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गीता जयंती समारोह के लिए आवश्यक प्रबंध करें.

### गीता महोत्सव का आयोजन आज कालेज ग्राउण्ड में

मऊगंज, 30 नवम्बर, गीता जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय मऊगंज में अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन एक दिसंबर को किया जायेगा. कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा. कार्यक्रम में श्रीमद्भागवत गीता के अध्याय 15 का सस्वरपाठ किया जायेगा. यह कार्यक्रम शहीद केदारनाथ महाविद्यालय ग्राउण्ड में आयोजित किया गया है.

# ट्रांसपोर्ट नगर के पास लगे जाम में फंसे रहे वाहन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 नवम्बर, रीवा शहर को जाम से मुक्ति नही मिल रही है, बिगड़ी यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारी मौन है. अभी हाल ही में समान तिराहे से लेकर पड़रा रेलवे ब्रिज तक लम्बा जाम लगा था और प्रदेश के डिप्टी सीएम भी जाम में फस गये थे.**



जिसके बाद सीएसपी सहित थाना प्रभारी जाम खुलवाने सड़क पर उतरे. लेकिन सड़को पर लग रहे जाम से शहरवासियो को निजात नही मिल रही है. ऐसा कोई मार्ग नही जहा जाम न लगता हो. रविवार की सुबह 11 बजे रीवा-सतना मार्ग में यातायात नगर के पास लम्बा जाम लगा. दरअसल एक तरफ पाइप लाइन के लिये खोदाई का काम चल रहा है, सुबह लम्बा जाम लगा. दोनो तरफ वाहन आधे घंटे तक फसे रहे. किसी तरह जाम खुला और लोग आगे बढ़े. ऐसा कोई चौराहा नही जहा जाम न लग रहा हो. यातायात पुलिस केवल चालान काटने में व्यस्त है. अधिकारी हूटर मारते निकल जाते है जाम से कोई मतलब नही होता. कई सूबेदार पदस्थ है जो केवल सड़को पर तफरी करते देखे जाते है, जाम से कोई सरोकार नही है. यह बात और है कि कोई अधिकारी या नेता जाम में फस जाय तो सूबेदार नजर आ जाते है.

### अब 11 तक गणना फार्म जमा होंगे

मऊगंज, 30 नवम्बर, निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया एसआईआर में फार्म जमा करने की समय सीमा को आगे बढ़ा दिया है. अब मतदाता गणना फार्म 11 दिसम्बर तक जमा किए जा सकेंगे. इससे पूर्व यह तारीख 4 दिसम्बर तय थी. आयोग के नए कार्यक्रम के अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 नवम्बर को जारी की जाएगी. ड्राफ्ट जारी होने के बाद 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियाँ दर्ज कराई जा सकेंगी.

# मऊगंज में 423434 गणना पत्रक हुए डिजिटाइज

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 30 नवम्बर, निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मऊगंज जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है. रीवा के अपेक्षा मऊगंज में काम धीमा चल रहा है.**

बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन करके जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं. गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन में तेजी आई है. जिले में 30 नवम्बर को शाम 4 बजे तक 423434 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. यह कुल लक्ष्य का 88.26 प्रतिशत है. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि जिले में कुल 479769 मतदाता दर्ज हैं. अब तक विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 205522 तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 217912 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 88.81 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 87.75 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. बीएलओ को सहयोग देने के लिए ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता को तैनात किया गया है.

# शिक्षण मंडल में शिक्षाविदों को जोड़ने चलेगा सदस्यता अभियान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 नवम्बर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में रविवार की दोपहर भारतीय शिक्षण मंडल की बैठक संपन्न हुई.**



जिसमें भारतीय शिक्षण मंडल के सदस्यता अभियान पर चर्चा करते हुए उपस्थित सदस्यों द्वारा सदस्यता लेते हुए अन्य शिक्षाविदों को शिक्षण मंडल में जोड़ने हेतु चर्चा की गई. रीवा जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय एवं विद्यालयों में शिक्षक एवं छात्रों को सदस्यता दिलाने हेतु संपर्क करने की योजना बनाई गई. सभी सदस्यों को चार से पांच शैक्षणिक संस्थानों में संपर्क करने हेतु दायित्व दिया गया. संपर्क क्रांति शिक्षण मंडल के उद्देश्यों का प्रचार करते हुए नए सदस्य को जोड़ने हेतु सहमत प्रदान की गई.

इसके साथ ही बैठक में सदस्यों द्वारा कई अहम सुझाव भी दिये गये कि किस तरह संगठन को मजबूत बनाया जाय. बैठक में मुख्य रूप से भारतीय शिक्षण मंडल की प्रांत उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र सिंह परिहार, संपर्क टोली के सदस्य डॉ कमलेश मिश्र, प्रांत अनुसंधान प्रमुख, डॉ आर एन तिवारी, प्रांत सह मंत्री डॉ. सतीश मिश्रा प्रान्त सह मंत्री डॉ जी एन सिंह, डॉ अंजनी मिश्र एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे.

# संतोष ट्रॉफी कैंप में डीएफए रीवा के दो खिलाड़ियों का चयन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 नवम्बर, मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित पूर्वी जोन अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता अनूपपुर जिले में अक्टूबर माह के तृतीय सप्ताह में आयोजित की गई थी.**

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर डीएफए रीवा टीम के दो खिलाड़ियों का चयन संतोष ट्रॉफी कैंप के लिए हुआ है. अजीत पांडे एवं अरमान खान यह दोनों होनहार फुटबॉल खिलाड़ी डी एफ ए रीवा टीम से प्रतिनिधित्व किया था. जिन्हें मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के चयनकर्ताओ द्वारा इन दो खिलाड़ियों का चयन किया गया है. यह दोनों खिलाड़ी मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में 01 दिसंबर से आयोजित संतोष ट्रॉफी कैंप में भाग लेंगे. इन खिलाड़ियों का चयन जिला फुटबाल संघ रीवा के सचिव मोहम्मद कासिम खान के अथक प्रयासों से संभव हुआ है. कुंवर मान सिंह, इंजी. राजेंद्र शर्मा, विक्रम सिंह, लखन लाल खंडेलवाल ने हर्ष व्यक्त किया.

# खलिहान में लगी आग से धू-धूम कर जला पियरा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 नवम्बर, हनुमना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझिगवां में बिजली के साथ सर्किट से आग लगने से खलिहान में रखा भारी मात्रा में धान का पियरा जलकर खाक हो गया.**

जब आग लगी उसके पूर्व ही खलिहान में रखी लाखों की धान किसान द्वारा वहां से हटकर घर के अंदर रख ली गई थी अन्यथा लाखों की धान भी जलकर खाक हो जाती यह तो संयोग था कि एक दिन पूर्व ही खलिहान में रखी धान को किसान परिवार द्वारा घर के अंदर रख ली गई थी.

बताया गया है कि धनंजय सिंह के खलिहान में धान की पियरा रखा हुआ था. आग लगने पर आनन-फानन मोटर पम्प लगाकर आग पर काबू पाया गया.

# पारा के उछाल मारने के साथ ठंड से कुछ राहत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 नवम्बर, पिछले कई दिनो से कड़ाके की ठंड पड़ रही थी और तापमान में गिरावट आने से ठंड का असर बढ़ गया था.**

लेकिन रविवार को पारा के उछाल मारने से ठंड से कुछ हद तक राहत मिली. न्यूनतम तापमान बढ़ कर 9.2 डिग्री हो गया है तो वही दिन का अधिकतम तापमान 24 डिग्री से बढ़कर 26.2 डिग्री पहुंच गया है और हवा की जो गति 6 किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही थी वह चार घंटे पर आ गई है. जिससे रविवार को ठंड का असर कम रहा. ठंड को देखते हुए नगर निगम द्वारा लगातार अलाव की व्यवस्था की जा रही है. अब दिसम्बर के महीने में ठंड और जोर पकड़ेगी. अमूमन दिसम्बर-जनवरी में शीत लहर चलने के साथ तापमान 4 डिग्री तक पहुंच जाता है. असली ठंड अब शुरू होगी साथ ही घना कोहरा पड़ेगा. रविवार को अच्छी खासी धूप रही और ठंड का असर भी कम था. पिछले तीन दिन से कड़ाके की ठंड पड़ रही थी और तापमान 6.8 डिग्री तक पहुंच गया था. रात के तापमान में उछाल आने से राहत मिली है. जिस तरह से नवम्बर के महीने में कड़ाके की ठंड पड़ी है उम्मीद है कि इससे ज्यादा ठंड अब दिसम्बर और जनवरी में पड़ेगी. साथ ही ठंड उत्तरी हवाएं चलने की भी संभावना मौसम विभाग ने जताई है. अभी सुबह हल्का कोहरा रहता है लेकिन अब घना कोहरा होगा जिससे वाहन चालका के लिये दिक्कत होगी, आवागमन प्रभावित हागा.